ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 23.12.2020

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 22.12.2020 की रात्रि में टाउनहाल स्थित रैन बसेरा एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रो में जलाये जा रहे अलाव का किया ग**या निरीक्षण।**

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में अटल पार्क में होने वाले अनावरण की तैयारियों का आज अपर नगर आयुक्त द्वारा किया गया निरीक्षण।

1. शासनादेश के अनुपालन में निराश्रित,असहाय कमजोर वर्ग एवं खुले स्थान/फुटपाथ पर सो रहे असुरिक्षत व्यक्तियो की सुविधा हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 22.12.2020 की रात्रि में टाउनहाल स्थित रैन बसेरा एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रो में लोगो को भीषण शीत लहर से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानो पर लगाये जा रहे अलावो का व्यापक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में महिलाओ एवं पुरूषो के सोने व शौचालय आदि की भी अलग–अलग व्यवस्था की गई है एवं रैन बसेरो में लगे हीटर, बेड, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ–सफाई, सेनेटाइजेंशन, फागिंग तथा कीटनाशक दवाओ के छिड़काव का कार्य नियमित रूप से कराये जाने हेतु श्री पवन कुमार सफाई एवं खाद्य को कड़े निर्देश दिये। रैन बसेरा में रूके लोगो से फेस मास्क,समय–समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा सदर बजार,जिला अस्पताल,बरेली मोड़,केरूगंज एवं नगर के अन्य स्थलो पर लगे अलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अलाव सुचारू रूप से जलते हुये पाये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

2. नगर निगम द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की स्मृति मे बरेली मोड़ स्थित आवास विकास पार्क मे अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस पार्क का लोकार्पण कल दिनांक 24.12.2020 मा0 सुरेश कुमार खन्ना जी, वित्त संसदीय कार्य एवं शिक्षा चिकित्सा विभाग द्वारा किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 23.12.2020 को पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा स्थापित होने की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवशेष कार्य को यथाशीघ्र कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त श्री एस0के सिंह के साथ ,मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, अवर अभियन्ता श्री विक्रमाजीत यादव उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर